**DELHI JAL BOARD: GOVT. OF NCT OF DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR (A & P)/Parliament Cell**
**VARUNALAYA PHASE-II**
**KAROL BAGH, NEW DELHI-110005**

DJB/Director (A&P)/VSQ-Budget -2025/**St.-68/CM-04** Dated:27.03.2025

To
Shri Neeraj Aggarwal,
Dy. Secretary, (Question Branch),
Delhi Vidhan Sabha Secretariat,
NCT of Delhi, Old Secretariat, Delhi – 110054.

**Subject:- Vidhan Sabha Starred Question No. 68 due for 28.03.2025 asked by Shri Gajender Singh Yadav, MLA.**

Sir,

Please refer to your letter No. F-11(B-1)VIII/2025-30/VSS/Ques. Branch/2258 date 18.03.2025 regarding reply of questions for the house meeting on 28.03.2025.

In this connection I am enclosing herewith the reply of the aforementioned Vidhan Sabha Question in so far as the Delhi Jal Board is concerned.

This issues with the approval of the Hon'ble Minister Water

Encl: As above.

**(Amit Kumar Jain)**
**Director (Admn.& Personnel)**

निदेशक (प्रशा. एवं कार्मिक)
Director (Admn. & Personnel)
दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली सरकार
Delhi Jal Board, Govt. of NCT of Delhi

विभाग का नाम :– दिल्ली जल बोर्ड
विभाग का पता :– निदेशक (प्रशासनिक एवं कार्मिक)
करोल बाग, नई दिल्ली

तारांकित प्रश्न संख्या :– 68
दिंनाक :–28.03.2025
प्रश्नकर्त्ता का नाम :– श्री गजेन्द्र सिंह यादव, विधायक
क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

| अ. क्र. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | मेहरौली विधान सभा में कितने यूजीआर तैयार हैं तथा उनमें कितनी मात्रा में जल संरक्षण की क्षमता है; | मेहरौली विधानसभा में 15 संख्या यूजीआर है और जिनकी जल संरक्षण की क्षमता का विवरण संलग्नक 'क' में उपलब्ध है। |
| (ख) | मेहरौली विधान सभा के वसंत कुंज, साकेत, लाडो सराय, रजोकरी, मसूदपुर, कटवारिया सराय, कुसमपुर, बेर सराय, किशनगढ़, मोती लाल नेहरू कैम्प और मेहरौली में सीवर कब डाले गए थे; | मेहरौली विधानसभा के वसंतकुंज, साकेत, लाडो सराय, मसूदपुर, कटवारिया सराय, बेर सराय, किशनगढ़ और मेहरौली में प्रारंभ में सीवर लाईन लगभग 40 से 45 वर्ष पूर्व डाली गई थी। लेकिन कुछ बीते वर्षों में इन स्थानों पर आवश्यकता पड़ने पर पुरानी एवं क्षतिग्रस्त सीवर लाईन बदली भी गई है। रजोकरी में सीवर लाईन लगभग 15 वर्ष पूर्व डाली गई थी। कुछ गलियों में विगत वर्षों में नई सीवर लाईन भी डाली गई है। कुसुमपुर और मोती लाल नेहरु कैंप में जल बोर्ड के द्वारा कोई भी सीवर लाईन नहीं डाली गई है।<br><br>मेहरौली ग्रुप ऑफ़ कॉलोनीज के अंतर्गत तीन कॉलोनी छतरपुर विधान सभा और एक कॉलोनी मेहरौली विधान सभा की इस्लाम कॉलोनी में तथा परिधीय सीवर लाइन जोकि कालकदास मार्ग व् अन्डेहरिया मोड से होते हुए मेहरौली सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक 2014 से 2024 के बिच डाली गयी है जोकि कमीशंड है |
| (ग) | उपरोक्त सभी क्षेत्रों में पानी के टैंकर कितनी संख्या में आवंटित हैं; | मेहरौली विधान सभा के साकेत, लाडो सराय, कटवारिया सराय का क्षेत्र मेसर्स मालवीय नगर वाटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पानी वितरण का कार्य संचालित किया जा रहा है। इन क्षेत्रों मे आवश्यकता अनुसार पहले से चलाए जा रहे टैंकरो द्वारा ही पानी की आपूर्ति की जा रही है दिल्ली जल बोर्ड के अंतर्गत मेहरौली विधानसभा के शेष क्षेत्र के लिए कुल 32 पानी के टैंकर आवंटित हैं। |
| (घ) | मेहरौली और लाडो सराय, वसंत कुंज वार्ड में जल और सीवर रख रखाव में पिछले 10 वर्षों में कितना बजट कहां–कहां लगा, पूर्ण विवरण दें; | गत 10 वर्षों में किए गए खर्च का विवरण विधानसभा/वार्ड के अनुसार पृथक रूप से उपलब्ध नहीं है। क्योंकि पूर्व में यह रिकार्ड डिविजन के अनुसार रखा जाता था। विगत 2 वर्षों से अकाउंट विधानसभा वार रखे जा रहे है। इन वर्षों के बजट का ब्यौरा निम्न प्रकार है<br>मल संभाग<br>वर्ष 2023-24रू रू 413.84 लाख<br>वर्ष 2024-25रू रू 252.03 लाख |

| | | |
|---|---|---|
| | | मेसर्स मालवीय नगर वाटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आंशिक रूप से छतरपुर, मालवीय नगर, मेहरौली, ग्रेटर कैलाश व अंबेडकर नगर विधान सभा मे पानी का रख रखाव किया जाता है। इसके रख रखाव में पिछले 10 वर्षों में 195.28 करोड़ रुपये का खर्च हुआ है। मेहरौली विधान सभा का लाडो सराय वार्ड क्षेत्र भी इसका हिस्सा है। इसके पृथक रूप से खर्च का विवरण उपलब्ध नहीं है।<br><br>मेहरौली विधानसभा के शेष क्षेत्र के लिए गत 10 वर्षों में किए गए खर्च का विवरण विधानसभा/वार्ड के अनुसार पृथक रूप से उपलब्ध नहीं है क्योंकि पूर्व में यह रिकार्ड डिविजन के अनुसार रखा जाता था। हालांकि विगत 5 वर्षो में मेहरौली, किशनगढ गाँव, रजोकरी गाँव, मसूदपुर गाँव, वसंतकुंज, बेरसराय, कुसुमपुर पहाड़ी और मोती लाल कैम्प आदि क्षेत्रों में जल वितरण प्रणाली के रख रखाव में 25.98 करोड़ रुपये का खर्च हुआ है। |
| ड) | मेहरौली विधान सभा में जल पाईप लाईन और सीवर पाईप लाईन प्रोजेक्ट में कुल कितना खर्चा पिछले 10 वर्षों में हुआ; और | मेहरौली ग्रुप ऑफ़ कॉलोनीज के अंतर्गत तीन कॉलोनी छतरपुर विधान सभा और एक कॉलोनी मेहरौली विधान सभा की इस्लाम कॉलोनी में तथा परिधीय सीवर लाइन जोकि कालकदास मार्ग व् अन्डेहरिया मोड से होते हुए मेहरौली सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक 2014 तो 2024 के बीच डाली गयी है जोकि कमीशंड है जिसका कुल खर्चा 4045.8 लाख रूपये है<br>मेसर्स एमवीवी यूटिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को महरौली परियोजना क्षेत्र और वसंत विहार परियोजना क्षेत्र में जल आपूर्ति के लिए सेवा स्तर में सुधार का काम दिनांक 06.09.2012 को आवंटित किया गया था। इसके वर्क आर्डर की समय सीमा समाप्त होने के उपरांत कांट्रेक्ट एग्रीमेंट दिनांक 11.12.2022 को बंद कर दिया गया था।<br><br>इस परियोजना मे महरौली क्षेत्र के अंतर्गत जल वितरण प्रणाली डालने में 19.33 करोड़ रुपये एवं जलाशय निर्माण मे कुल 5.70 करोड़ रूपए खर्च हुए हैं। |
| च) | अभी तक जल पाईप लाईन एवं सीवर पाईप लाईन समुचित प्रकार से शुरू नहीं किये जाने के क्या कारण हैं? | मेहरौली विधान सभा में अधिकतर कॉलोनियां या तो एफ्लुएंट है और या फारेस्ट की जमीन पर है जिसके कारण उनमे सीवर लाइन नहीं डाली जा सकती है।<br><br>मेसर्स एमवीवी यूटिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को महरौली परियोजना क्षेत्र और वसंत विहार परियोजना क्षेत्र में जल आपूर्ति के लिए सेवा स्तर में सुधार का काम दिनांक 06.09.2012 को आवंटित किया गया था। इसके वर्क आर्डर की समय सीमा समाप्त होने के उपरांत कांट्रेक्ट एग्रीमेंट दिनांक 11.12.2022 को बंद कर दिया गया था परियोजना में देरी के कारण 10% जुर्माना लगाया जा चुका है।<br><br>उस समय पानी की उपलब्धता के अनुसार जल वितरण प्रणाली आंशिक रूप से उपयोग कर ली गई थी तथा परियोजना बंद करने के उपरांत डाली गई जल वितरण प्रणाली और जलाशयों को संबंधित मैन्ट्रनन्स डिवीजन को भविष्य मे उपयोग हेतु हस्तांतरित कर दी गई है।<br><br>पानी की पाईप लाईन सम्पूर्ण तरीके से नहीं डल पाने की वजह से ये समुचित प्रकार से शुरू नहीं हो पाई है। |

निदेशक (प्रशासन एवं कार्मिक)

निदेशक (प्रशा. एवं कार्मिक)
Director (Admn. & Personnel)
दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली सरकार
Delhi Jal Board, Govt. of NCT of Delhi

विभाग का नाम :- दिल्ली जल बोर्ड
विभाग का पता :- करोल बाग, नई दिल्ली

संलग्न (क)

तारांकित/अतारांकित प्रश्न संख्या :- 68 (तारांकित)
दिनॉक :- 19 मार्च, 2025
प्रश्नकर्त्ता का नाम :- श्री गजेन्द्र सिंह यादव

अनुपूरक सूचना

**मेहरौली विधानसभा के 15 यूजीआर और उनकी जल संरक्षण की क्षमता का विवरण :-**

1. डी-3/4 वसंतकुंज यूजीआर - 0.2 एमजी
2. एमआईजी फ्लैट्स किशनगढ़ यूजीआर - 0.15 एमजी
3. लाल टंकी यूजीआर - 0.4 एमजी
4. कुतुब यूजीआर - 0.4 एमजी
5. सी-1 वसंतकुंज यूजीआर - 0.25 एमजी
6. डी-7/8 वसंतकुंज यूजीआर - 0.25 एमजी
7. डी-6 वसंतकुंज यूजीआर - 0.25 एमजी
8. बारीवाला मेहरौली यूजीआर - 0.15 एमजी
9. रजोकरी यूजीआर - 0.05 एमजी
10. किशनगढ़ यूजीआर - 0.3 एमजी
11. सैक्टर-ए पॉकेट बी एण्ड सी, वसंतकुंज यूजीआर - 0.20 एमजी
12. डी-1/2 वसंतकुंज यूजीआर - 0.20 एमजी
13. घिटोरनी वसंतकुंज यूजीआर - 0.25 एमजी
14. बी-1 वसंतकुंज यूजीआर - 3.00 एमजी
15. डीडीए बेर सराय यूजीआर - 0.05 एमजी

(मनोज कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियंता (डी) - 111

अधीक्षण अभियंता (सी)-11